पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल से मिले मॉरिशस के रक्षा मंत्री
पर्यटन को लेकर हुई चर्चा
भारत और मॉरिशस का डीएनए लगभग एक है- राज्यपाल

लखनऊ 20 फरवरी, 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक से आज राजभवन में मॉरिशस के रक्षा मंत्री श्री अनिरूद्ध जगन्नाथ ने शिष्टाचारिक भेंट की। श्री अनिरूद्ध जगन्नाथ के साथ मॉरिशस के उच्चायुक्त श्री जगदीश्वर गोवर्धन, श्री एम0 गनपति व मॉरिशस से आये अन्य सदस्यगण भी उपस्थित थे। मॉरिशस का प्रतिनिधिमण्डल इनवेस्टर्स समिट-2018 में सम्मिलित होने उत्तर प्रदेश आया है।

राज्यपाल ने अपनी भेंट के दौरान कहा कि भारत और मॉरिशस का डीएनए लगभग एक है। मॉरिशस से भारत का पुराना रिश्ता है। आध्यात्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से दोनों देशों में एकरूपता पाई जाती है। पर्यटन के क्षेत्र में, विशेषकर धार्मिक पर्यटन के माध्यम से दोनों देश और करीब आ सकते हैं। उन्होंने कहा कि पर्यटन में सहयोग और सांस्कृतिक आदान-प्रदान की पहल से विश्व पटल पर दोनों देशों की नई पहचान बनेगी। राज्यपाल ने बताया कि वर्ष 2002 में वे पेट्रोलियम मंत्री के नाते मॉरिशस गये थे और वहां रिटेल आउटलेट्स की शुरूआत की थी।

मॉरिशस के रक्षा मंत्री श्री अनिरूद्ध जगन्नाथ ने बताया कि 13 लाख आबादी वाले मॉरिशस की 60 प्रतिशत आबादी भारतीय मूल के लोगों की है। वे एक तरह से अपनी जड़े तलाशने उत्तर प्रदेश आये हैं। उत्तर प्रदेश और भोजपुरी भाषा का आपस में करीब का संबंध है। सामान्य और धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में दोनों देशों में असीम सम्भावनाएं हैं। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि समिट के माध्यम से दोनों देशों के बीच आपसी संबंध और मजबूत होंगे।

राज्यपाल ने मॉरिशस के रक्षा मंत्री श्री अनिरूद्ध जगन्नाथ को अंग्रेजी में अनुवादित पुस्तक 'चरैवेति! चरैवेति!!' तथा 'उत्तर प्रदेश के पक्षी' नामक पुस्तक भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल की प्रमुख सचिव सुश्री जूथिका पाटणकर भी उपस्थित थीं।

अंजुम/ललित/राजभवन (76/29)

ORIGAMI